सार-समाचार

62वां शहादत दिवस मनाया

खिरोड़ । तारपुरा गांव में शहीद छगनसिंह का शहादत दिवस मनाया गया। राजेंद्र सिंह शेखावत बागरियावास एवं हंसराज कंवर के सौजन्य से हुए कार्यक्रम में मौजूद सभी ग्रामवासियों ने शहीद छगन सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके शहादत दिवस को याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान की प्रस्तुति के साथ किया गया। शहीद छगनसिंह की शहादत दिवस के कार्यक्रम में जहां वंदे मातरम एवं भारत माता की जय के नारे लगाए गए। वहीं शहीद छगनसिंह जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए। सभी लोगों ने मिलकर शहीद छगनसिंह के शहादत दिवस पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया। शहीद छगनसिंह 21 नवंबर 1962 के भारत चीन युद्ध में शहीद हुए थे। उनको 21 नवंबर 2024 को शहादत प्राप्त किए 62 वर्ष पूर्ण हो चुके है। कार्यक्रम में जनार्दन शर्मा, शिशुपाल कुमावत, बाबूलाल चायल, समाजसेवी श्रवण सिंह शेखावत, सुरजीत भींचर, रामचंद्र स्वामी, रघुवीर सिंह शेखावत, पिंटू हिडन फौजी, राजेंद्र स्वामी, सूबेदार राजेंद्र सिंह, गुलाब सिंह, कैप्टन जगदीश सिंह, ऋषि राज शर्मा शहीद काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

राजस्थानी कल्चर फेस्टिवल का शुभारंभ

डूंडलोद, । कस्बे के डूंडलोद किले में शुक्रवार को सायंकाल 5 बजे दीप मुख्य अतिथि रघुवेंद्र सिंह प्रवज्जलन करके शुभारंभ किया। वहीं डूंडलोद फोर्ट को राजस्थानी संस्कृति के तवज पर सजाया गया। विनोद जोशी ने बताया कि यह आयोजन तीन दिवसीय होगा। जिसमें राजस्थानी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए देशी व विदेशी मेहमान व पर्यटकों को कुएं बावड़ी, मंदिर, मारवाड़ी घोड़ों के बारे में विशेष जानकारी देंगे। वहीं विदेशी मेहमानों को राजस्थानी कल्चर खूब लुभा रहा है। फेस्टिवल में इंग्लैंड, नॉर्वे, अमेरिका सहित अनेक देशी पर्यटकों ने आज प्रसिद्ध राजस्थानी भजन गायिका सुमित्रा देवी के गायन का आनंद लिया। इस अवसर पर पर्यटन विभाग की पुनीता सिंह ज्वाइंट डायरेक्टर टूरिज्म राजस्थान और उपेंद्र सिंह शाम के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

सीकर । पालवास रोड, सीकर स्थित प्रिंस लोटस वैली सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन चेयरमैन डा. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, ब्रिगेडियर राजकुमार बलोदा, प्रबंध निदेशक रमाकांत स्वामी व प्रिंसिपल पूनम चौहान ने किया।विद्यार्थियों ने साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित अनेक मॉडल्स प्रस्तुत किये। साइंस एग्जीबिशन में जल धारण करके लंबे समय तक हाइड्रेट रहने वाला प्लांट, अल्ट्रावायलेट और इंफ्रारेड लाइट तकनीक पर आधारित एआई प्रोजेक्ट, इंफ्रारेड सेंसर का उपयोग करने वाला फायर डिटेक्टर, पैसिव इंफ्रारेड सेंसर मॉडल, हाइड्रोलिक प्रेशर तकनीक पर आधारित मॉडल आदि प्रमुख रहें।

गौशाला का किया निरीक्षण

सादुलपुर, (निसं)। जिला स्तरीय दल की ओर से मीनू वर्मा, उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट राजगढ द्वारा श्री मोक्ष भूमि गौशाला राजगढ का भौतिक निरीक्षण किया गया। शुक्रवार दोपहर तीन बजे एसडीएम के पीए विकास पूनियां ने जानकारी दी कि निरीक्षण के दौरान गौशाला समिति में टिन शैड, स्टोर रूम आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी राजगढ द्वारा गौवंश को पिंडदान कर पौधा रोपण किया गया। श्री मोक्ष भूमि गौ शाला राजगढ की समस्त व्यवस्थाऐं संतोषप्रद पाई गयी। उक्त निरीक्षण पश्चात उपखण्ड अधिकारी राजगढ द्वारा नगरपालिका राजगढ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी राजगढ द्वारा साफ-सफाई के सख्त निर्देश दिये गये व समस्त शाखाओं का निरीक्षण किया जाकर रिकॉर्ड को व्यवस्थित करने हेतु निर्देश किये गये। साथ ही उपस्थिति रजिस्ट्रर की भी जांच की जाकर स्टॉफ को कार्यालय समय पर आने के सख्त निर्देश दिये गये।

सीवरेज परियोजना की दी जानकारी

रतनगढ़,(निसं)। राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना द्वारा रतनगढ़ शहर में आमजन की सुविधा हेतु सीवरेज प्रणाली के विकास के लिये विभिन्न आधारभूत विकास कार्य के साथ ही इन कार्यों के प्रति आमजन की सहभागिता, सुनिश्चित करने तथा समय-समय पर विभिन्न विषयों पर जन-जागरूकता कार्यक्रम भी करवाये जाते है। इसी क्रम में अधिशाषी अभियन्ता आर डी गर्ग के निर्देशन मे वार्ड न 42 मे गरीब नवाज बस्ती मे जुम्मे की नवाज के बाद नुक्कड. सभा आयोजित की गई। बैठक मे जन सहभागिता इकाई के प्रवीण सिंह राठौड के द्वारा सीवरेज परियोजना मे सीवरेज घरेलु कनेक्शन के लाभ के बारे मे जानकारी देते हुवे बताया कि कोई भी घर सीवरेज कनेक्शन से वचिंत न रहे ओर रखरखाव का विशेष ध्यान रखते हुए स्नानघर व रसोई मे जाली जरुर लगाए ताकि किसी प्रकार की ठोस वस्तू चैम्बर मे आकर अवरोद्ध पैदा न करे। बैठक मे असरदखां, बरकत खां, बाबू खां गोरी, सुल्तानखां, हारुण खां सहित मोहल्ले के अनेक लोग उपस्थित रहे। एल एन्ड टी कम्पनी के छोटू सैनी, कविता स्वामी ने भी भाग लिया।

कल निशुल्क जांच शिविर लगेंगे

झुंझुनूं, ।महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा वीर डॉ. शुभकरण कॉलेर के आर्थिक सौजन्य से 24 नवंबर रविवार को चावो दादी मंदिर झुंझुनूं में विशाल निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन सुबह नौ बजे से दोपहर 12:30 तक आयोजित किया जाएगा। संयोजक अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान ने बताया कि शिविर में टीबड़ा आई हॉस्पिटल टीम द्वारा आधुनिक मशीनों से जांच कर नि:शुल्क दवाइयां एवं चश्मे वितरण किए जाएंगे व चयनित मोतियाबिंद रोगियों के ऑपरेशन रियायती दर पर कराए जाएंगे।

मानसिक स्वास्थ्य को लेकर दिया प्रशिक्षण

झुंझुनूं। चिकित्सा विभाग में कार्यरत सीएचओ को मानसिक स्वास्थ्य को लेकर सीएमएचओ ऑफिस में गुरुवार को प्रशिक्षण दिया गया। सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा ने बताया कि प्रशिक्षण में गंभीर बीमारियों में अवसाद, बच्चों, महिलाओं और बुजूर्गों में बढ़ते अवसाद की पहचान कर उन्हें उचित परामर्श और उपचार देने के बारे में जानकारी दी गई। बीडीके अस्पताल के मनो रोग विशेषज्ञ डॉ. कपूर थालौर और डॉ. पीएल भालोठिया ने सभी सीएचओ को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि आज के दौर में बदलती जीवन शैली से अवसाद बढ़ गया है। जिसकी पहचान कर उन्हें मनोचिकित्सक से सलाह एवं उपचार उपलब्ध करवाना चाहिए।

'सरकार बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है'

सीकर, (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने विद्युत विभाग के निगमों के संभागीय अधिकारियों से कहा कि सरकार बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। ऊर्जा मंत्री नागर शुक्रवार को सीकर में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विद्युत विभाग के संभागीय अधिकारियों की बैठक में बोल रहे थे। ऊर्जा मंत्री नागर ने कहा कि सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर संवेदनशील है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए, साथ ही संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारी पूर्ण संवेदनशीलता, सक्रियता के साथ कृषि कनेक्शन जारी करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ विद्युत तंत्र को सुदृढ करने का काम कर रही है।ऊर्जा मंत्री नागर ने बैठक में विभागीय अधिकारियों को बिजली आपूर्ति के सिस्टम को मजबूत करने और नई परियोजनाओं को गति देने पर जोर दिया। उन्होंने कृषि उपभोक्ताओं के लिए विद्युत आपूर्ति सूनिश्चित करने के लिए बडवासी, मुकन्दगढ़ मण्डी, देवीपुरा, कुमावास,

सीकर में ऊर्जा राज्य मंत्री नागर ने संभागीय अधिकारियों की ली बैठक ।

नवलगढ़ में 132 केवी,33 केवी के प्रस्ताव बनाकर भिजवाने के निर्देश दिए ताकि स्वीकृति जारी की जा सके। उन्होंने रबी की फसल के लिए कृषि उपभोक्ताओं को 6 घण्टे निर्बाध बिजली और घरेलू एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं को 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने थोई में जले हुए ट्रांसफार्मर को तुरन्त बदलने और विद्युत कनेक्शन समयबद्धता के साथ करने के निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री नागर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान हो और रबी सीजन के लिए विद्युत आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा नहीं तथा निगम भण्डारों में विद्युत की पर्याप्त सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित हो। वर्तमान सरकार बिजली तंत्र को सुधारने और मजबूत करने के लिए भरसक कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में नए जीएसएस, नए ग्रिड सबस्टेशन लगाने की प्रकिया शुरू की गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विद्युत सुधार के लिए फीडर सेपरेशन के तहत केन्द्र सरकार से 7 हजार 8 करोड़ का प्रोजेक्ट स्वीकृत हुआ है, जिससे हेम मॉडल में सोलर प्लांट लगाने का काम किया जा रहा है साथ ही विद्युत कार्मिकों की मीटर, बिल, रिडिंग की समस्याओं का समाधान भी किया गया है।बैठक में सीकर सांसद अमराराम,धोद विधायक गोर्वधन वर्मा, नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल,राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजौर ने अपने-अपने क्षेत्रों में विद्युत की नियमित आपूर्ति करवाने, ग्रिड स्टेशन, सबस्टेशन स्वीकृत करवाने, कृषि कनेक्शन दिये जाने की गति को बढ़ाने, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में किसानों को मोटिवेट करने, सांवली भूखरों का बास , गुनाठू में 33 केवी सब स्टेशन स्वीकृत करवाने, धोद बस स्टेण्ड के उपर से गुजर रही विद्युत लाईनों को हटवाने के संबंध में ऊर्जा मंत्री से मांग की अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंधक निदेशक के.पी वर्मा ने बैठक में कृषि कनेक्शन जारी करने कि स्थिति, आरडीएसएस एवं कुसुम योजनाओं एवं फीडर सेपरेशन की वर्तमान स्थिति, निगम भण्डारों में उपलब्ध सामग्री की वर्तमान स्थिति , पीएम सूर्य घर योजना सहित डिस्कॉम तंत्र की अब तक की वर्तमान स्थिति कार्य प्रगति के संबंध में ऊर्जा मंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष कमल सिखवाल, जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार,अधीक्षण अभियन्ता सीकर अरूण जोशी,झुझुनू एम के टीबड़ा, नीमकाथाना शीशराम, अधीशाषी अभियन्ता सीकर संजीव पारीक, वेदप्रकाश शर्मा, कनिष्ठ अभियन्ता सहित विद्युत विभाग के संभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

वार्षिकोत्सव को लेकर बैठक

चूरू,(कासं.)। जिला मुख्यालय पर स्थित सैनिक बस्ती में मदरसा सैयदना तौकीर उलूम के वार्षिक समारोह को लेकर संस्था की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता हाजी युसूफ खान जोइया ने की। सदर हाजी उस्मान खान दिलावरखानी ने बताया कि 28 नवंबर को दिन में 9 बजे खत-में-बुखारी शरीफ होगी और रात्रि 8 बजे बाद जलसे का आयोजन होगा। जिसमें मुस्लिम धर्म गुरु सैयद महमूद अशरफ अशर्फी कछौछा शरीफ यूपी से तशरीफ़ लाएंगे और मुफ्ती मोहम्मद मोइनुद्दीन अशरफी मिस्बाही फैजाबाद यूपी से आएंगे। यहां मदरसे के छात्र जिन्होंने अपनी तालीम मुकम्मल कर ली, उन्हें डिग्री देंगे, जिसमें तीन आलिम. फाजिल व दस हाफिज, पांच कारी की डिग्री दी जाएगी। कुल अठारह डिग्रियां वितरित की जाएगी व दस्तार-बंदी का कार्यक्रम भी होगा। मुख्तियार खान ने बताया कि 28 नवंबर को दोपहर 3 बजे रेलवे द्वारा धर्मगुरु चूरू पहुंचेंगे जिन्हें मदरसा तक जुलूस के रूप में लाया जाएगा। जुलूस का रास्ता नई सड़क होते हुए मस्जिद नीलगरान के आगे से मोहम्मदी चौक तक व मस्जिद तेलियान से मदीना मस्जिद तक और नई ईदगाह के आगे से होते हुए मदरसा पहुंचेंगे। बैठक में हाफिज अब्बास, मौलाना शहाबुद्दीन मौलाना याकूब, मौलाना यूनुस, हाजी जमालुद्दीन, साबिर खान, मोहम्मद अली पठान, सोहेल खान, आसिफ खान, सलीम खान, खान आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

10 साल पुराने तस्करी के मामले में दो आरोपियों को सजा सुनाई

- आरोपियों को 7-7 साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया
- अपर जिला सेशन न्यायाधीश राजगढ द्वितीय ने फैसला सुनाया

सादुलपुर, (निसं)। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश राजगढ-द्वितीय ने लगभग दस साल पुराने अवैध डोडा पोस्त छिलका तस्करी के मामले में दो आरोपियों को सात-सात साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। प्रकरण अनुसार 23 जून 2०14 को तत्कालीन थाना अधिकारी गुरु भूपेंद्र सिंह पुलिस दल के साथ मंत्री नंदलाल मीणा को भादरा से चूरू जाने पर दुधवा खारा तक एस्कॉर्ट ड्यूटी की तथा वापस आते समय सिद्धमुख से पांच किलोमीटर दूर सादुलपुर की तरफ से हरियाणा नंबर की एक कार जो आगे-आगे चल रही थी। तथा पुलिस की गाडी देखकर कार चालक ने कार को तेज गति से सिद्धमुख की ओर भगाया। जिसमें दो व्यक्ति सवार थे। कार भगाने पर पुलिस ने लगभग एक किलोमीटर तक पीछा कर पॉवर हाउस सिद्धमुख के पास ऑवरटेक कर कार को रोकने में पुलिस ने सफलता हासिल की तथा चालक से कार को भगाने का कारण पूछा तो वह घबरा गया और संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया तथा पुलिस ने पूछताछ की तो चालक ने अपना नाम कीमती लाल पुत्र बहादुर सिंह बाजीगर दूसरे ने अपना नाम धर्मपाल बाजीगर पुत्र जागीर सिंह बाजीगर निवासी रानिया चुंगी सिरसा हरियाणा होना बताया। शक होने पर पुलिस ने कार की तलाशी ली तो कार की पिछली सीट पर एक सफेद रंग का प्लास्टिक का कटा मिला। जिसको खोलकर चेक किया तो कट्टे में कुल 28 किलो डोडा पोस्त छिलका भरा हुआ पाया। आरोपियो के पास कोई लाइसेंस व परमिट नहीं था। जिस पर पुलिस ने अवैध डोडा पोस्त छिलका तथा कार को जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तथा एनडीपीएस एक्ट अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू की और चालान न्यायालय में पेश कर दिया। मामले में विद्वान न्यायाधीश अपर जिला सेशन न्यायाधीश राजगढ द्वितीय लतिका दीपक पराशर ने पत्रावलियों पर आए साक्ष गवाहों और सबूत का गहन अवलोकन कर आरोपी कीमती लाल व धर्मपाल को दोषी माना तथा दोनों को सात-सात साल के कठोर कारावास व 5०-5० हजार के अर्थ दंड से दंडित किया है। राज्य सरकार की ओर से पैरवी सुनील बसेर कालरी अपर लोक अभियोजक राजगढ द्वितीय ने की।

आज मिलेगा झुंझुनूं को नया विधायक

झुंझुनूं । झुंझुनूं विधानसभा उप चुनावों का परिणाम 23 नवंबर शनिवार को आएगा। इस परिणाम के साथ ही झुंझुनूं को अपना 18वां विधायक मिलेगा। जो पहली बार झुंझुनूं विधानसभा का प्रतिनिधित्व करेगा। क्योंकि 11 में से जिन तीन उम्मीदवारों भाजपा के राजेंद्र भांबू, कांग्रेस के अमित ओला तथा निर्दलीय राजेंद्र सिंह गुढ़ा के बीच मुख्य मुकाबला है। उन तीनों को कभी भी झुंझुनूं विधानसभा का नेतृत्व करने का मौका नहीं मिला। इधर, प्रशासन ने मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली है। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने मुख्य चुनाव अधिकारी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग की। जिसमें सीईओ की ओर से मिले निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों के साथ चर्चा की। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने बताया कि शनिवार सुबह 8 बजे मतगणना शुरू होगी। सबसे पहले मत पत्रों तथा ईटीबीपीएस की गिनती होगी। मत पत्रों और ईटीबीपीएस स्केनिंग के लिए अलग-अलग टेबलें लगाई गई है। साढ़े आठ बजे स्ट्रॉन्ग रूम्स से ईवीएम मशीनें बाहर निकलेगी। उम्मीद है कि सुबह नौ बजे से पहले एक राउंड की गिनती पूरी होगी और पहला रूझान आएगा। मतगणना के लिए ट्रेनिंग दी जा चुकी है। करीब 250 कार्मिकों को ड्यूटी पर लगाया गया है। वहीं सुबह मतगणना स्थल सेठ मोतीलाल कॉलेज में कार्मिकों, उम्मीदवारों, उम्मीदवारों के काउंटिंग एजेंट्स और मीडियाकर्मियों के लिए अलग-अलग गेटों से एंट्री की व्यवस्था की गई है। ईवीएम के लिए 12 टेबल लगाई गई है। कुल 22 राउंड में गिनती पूरी होगी। माना जा रहा है कि यदि हार-जीत का अंतर करीबी होगा तो दोपहर 12 बजे तक अंतिम परिणाम आ जाएगा। यदि हार-जीत का अंतर ज्यादा होगा तो तीन घंटे बाद, यानि कि 11 बजे तक तस्वीर साफ हो जाएगी। सभी की निगाहें कल आने वाले परिणाम पर टिकी हुई है।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की और से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या** : एस.एण्ड.टी.-बी.के.एन. ईटी-305 **कार्य का नाम व स्थान** : बीकानेर मंडल के हिसार-सादुलपुर खंड पर किमी 29.350 पर LC-23 के स्थान पर ROB की व्यवस्था के लिए S&T से संबद्ध कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य** : रू. 3265791.43 **बिड सिक्यूरिटी राशि (रू.में)** : 65300.00 **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय** : 18.12.2024 को 15.00 बजे तक **वेब साइट** जहां निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है : www.ireps.gov.in

1357-DR/24

हमें /NWRailways NWRailways पर फॉलो करें

विचार्य विषयों के निर्धारण के लिए प्रतिवादीगण के नाम आव्हान पत्र
(ऑर्डर 5 रूल जाब्ता दीवानी)
न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश महोदय,चूरू (राज.)
दावा संख्या- 09 सन- 2020, ता. पेशी
रफीक खान-वादीगण
विरूद्ध
अलादीन आदि-प्रतिवादीगण

प्रतिवादीगण- 1. इलियाकत पुत्र अकबर काजी निवासी वार्ड संख्या- 12, मलसीसर, जिला झुंझुनूं (राज.) 2. मोहीदीन पुत्र स्वर्गीय खातुन पत्नी नवाब अली काजी निवासी मलसीसर, तहसील मलसीसर, जिला झुंझुनूं (राज.), 3. तोफिक पुत्र स्वर्गीय खातुन पत्नी नवाब अली काजी निवासी मलसीसर, तहसील मलसीसर, जिला झुंझुनूं (राज.)

क्योंकि वादीगण ने आप व अन्य प्रतिवादीगण के विरूद्ध एक दावा घोषणात्मक व विक्रय पत्र दिनांक 24.08.2015 को नल एण्ड वॉयड है को शून्य घोषित करने बाबत दायर किया है। अतः आपको दावा का उत्तर देने के लिए तारीख 07 माह दिसंबर वर्ष 2024 को समय 10.30 ए.एम. के व्यक्तिशः या वकील द्वारा जो कि मुकदमें हाल से परिचित किया गया है। मुकदमें से संबंधित समस्त महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो प्रश्न का उत्तर दे सके उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया जाता है। ज्ञान रहे कि उपरोक्त तारीख को आप उपस्थित न हुये तो आपकी अनुपस्थिति में सुन कर निर्णय कर दिया जावेगा। क्यों न उपरोक्त दावा स्वीकार किया जावे। मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रायुक्त दिनांक 22 मास 11 सन 2024 को जारी किया गया।

आज्ञा से रीडर
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, चूरू

बहन के भाई नहीं होने के कारण पुलिस ने भाई बनकर भरा मायरा

- राजलदेसर पुलिस स्टाफ ने पूरे कस्बे में चर्चा का विषय, शानदार पहल

राजलदेसर ,(निसं)। राजलदेसर पुलिस थाना में 30 वर्षों से मैस में खाना बनाने वाला किशन सिंह निवासी वार्ड नंबर 12 की लड़की मोनिका कंवर की शादी में लड़की के भाई एवं किशन सिंह की धर्मपत्नी के भाई नहीं होने के कारण राजलदेसर पुलिस थाना के थाना प्रभारी कमलेश सैनी ने भाई बनकर मायरा की रस्म निभाई ।

इस अवसर पर पुलिस थाना के पूरे स्टाफ के सदस्यों ने 51000 रुपए नगद इसके अलावा अन्य नगद राशि एवं कपड़े साथ ही पूरे स्टाफ ने चुनरी उढाकर मायरा की रस्म अदा की जो कि पूरे कस्बे में चर्चा का विषय है ।

आपको ज्ञात रहे की राजलदेसर पुलिस थाना परिसर में मैस में खाना बनाने का कार्य लगातार 30 वर्षों से किशन सिंह करते आ रहे हैं साथ ही किशन सिंह के चार लड़कियां ही है लड़का नहीं है दो नंबर की पुत्री मोनिका कंवर की कल 22 नवंबर को शादी हुई है दो लड़कियां छोटी है ।

राजलदेसर पुलिस थाना के थाना प्रभारी कमलेश सैनी ने भाई बनकर मायरा की रस्म निभाई ।

मैस में जो राशि मिलती है उस पैसों से अपने परिवार का गुजारा करते हैं । किशन सिंह की हालत को ध्यान में रखते हुए राजलदेसर पुलिस थाना के थाना प्रभारी कमलेश सैनी ने कहा कि जरूरतमंद परिवार की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है साथ ही इससे मानव सरोकार को भी कार्य करने की प्रेरणा भी अन्य समाज के लोगों को मिलती है। साथ ही उन्होंने कहा गरीब लड़कियों की शादी में इस तरह के सहयोग से अन्य समाज को भी प्रेरणा मिलती है किशन सिंह की धर्मपत्नी के भाई नहीं होने के कारण थाना प्रभारी ने कहा हम पूरे स्टाफ के साथ भाई बनकर मायरे की रस्म निभाएंगे थाना प्रभारी की पूरी टीम ने किशन सिंह के घर पर जाकर मेरे की मायरा भरा जिसकी चर्चा पूरे राजलदेसर कस्बे में है किशन सिंह का परिवार एक साथ पुलिस थाना के सभी सिपाहियों को घर पर पहुंचने पर रिश्तेदारों में भी खुशी देखने को मिली साथ ही किशन सिंह की धर्मपत्नी ने सभी को तिलक लगाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं सभी पुलिस कर्मचारियों ने किशन सिंह की धर्मपत्नी को चुनरी ओढाकर भाई की तरह फर्ज निभाने का वादा हमेशा के लिए किया ।

झुंझुनूं में भाजपा कायास लगेने लगें

झुंझुनू । उप चुनावों का परिणाम शनिवार को घोषित किया जाएगा। सट्टा बाजार की बात करें या फिर राजनैतिक विश्लेषकों की, सभी की एक राय है कि झुंझुनूं में भाजपा की जीत पक्की है। भाजपा यदि चुनाव जीतती है तो तीसरी बार झुंझुनूं विधानसभा में भाजपा का कमल खिलेगा। अब तक हुए 17 बार के चुनाव में भाजपा ने सिर्फ दो बार जीत दर्ज की है। पहली बारी 1996 के उप चुनावों में भाजपा के डॉ. मूलसिंह शेखावत ने जीत दर्ज की थी तो दूसरी बार सुमित्रा सिंह ने जीत दर्ज की थी। अबकी बार इस सीट पर 18वां चुनाव हो रहा है। भाजपा में बगावत को डेमेज कंट्रोल कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत तथा खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने पहले ही तय कर दिया था कि भाजपा यह उप चुनाव मजबूती के साथ लड़ेगी। इसके बाद राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने जिस तरह से मुस्लिम और दलित वोटों में अपनी छाप छोड़ी। उससे भाजपा की जीत लगभग तय है।

न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश सं. 2 झुन्झुनू
धर्मवीर बनाम श्रीमती मोहनी वगैरह
इजराय

महोदय, मु. नं. 27/2024 तारीख पेशी 13-12-2024

उपरोक्त प्रकरण में डिक्रीदार द्वारा विक्रय पत्र का प्रारूप अखबार में छाया करवाया जा रहा है। आप दिनांक 13/12/24 से पूर्व अदालत हाजा में प्रस्तुत होकर उक्त विक्रय पत्र निष्पादित करवाने हेतु उपस्थित होवें। जिसका प्रारूप निम्न है:-

फोटो क्रेता विक्रय पत्र फोटो विक्रेता

1- विक्रेतागण का नाम व पताः 1. विनोद पुत्र मुरलीधर स्वामी निवासी ग्राम सांगरवा वाया शिशु रानोली जिला सीकर (राज.), 2. मनोज पुत्र मुरलीधर स्वामी ग्राम सांगरवा वाया शिशु रानोली जिला सीकर, (राज.), 3. प्रेम पत्नी मुरलीधर स्वामी निवासी स्वामियों की ढाणी, गुढागौड़जी जिला झुन्झुनू (राज.), 4. श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी बजरंगलाल निवासी हाड़ोता वाया चोमू जिला जयपुर (राज.), 5. श्रीमती सरोज पत्नी रामबाबू निवासी हाड़ोता वाया चोमू जिला जयपुर (राज.)

2- क्रयकर्ताःधर्मवीर पुत्र बजरंगलाल निवासी अरडावता तहसील चिड़ावा जिला झुन्झुनू

3- स्टाम्प ड्यूटीःउप पंजीयन विभाग के नियमानुसार विक्रय पत्र पंजीयन के समय पेश कर रहे हैं।

4- विक्रय मूल्यः18,00,000/- रूपये अक्षरे अठारह लाख रूपये

5- विक्रय पत्र में दर्ज सम्पति का विवरणः करवा झुन्झुनू की सरहद में जमीन खसरा नम्बर 1889 तादादी 0.0100 हैक्टर गै. मु. कुआ व ता. नं. 1890 तादादी 2.21 हैक्टर कुल किता 2 कुल रकबा 2.22 हेक्टर स्थित है। उक्त भूमि में प्रतिवादिया संख्या 1 श्रीमती मोहनी पुत्री गिरधारीलाल 1/6 हिस्से की सहखातेदार रही है। उक्त सम्पूर्ण भूमि (2.22 हेक्टर) की कीमत 1,08,00,000/- रूपये अक्षरे एक करोड़ आठ लाख रूपये तय कर प्रतिवादिया संख्या ने अपने 1/6 हिस्से की जमीन की कीमत 18,00,000/- रूपये अक्षरे अठारह लाख रूपये तय कर विक्रय करने का संविदा क्रेता धर्मवीर से कर दिनांक 10/11/2010 को ईकरारनामा 5,00,000/- रूपये साईपेटे प्राप्त कर निष्पादित करवाया। इस प्रकार प्रतिवादिया संख्या 1 ने अपने 1/6 हिस्से की कीमत 18,00,000/- रूपये अक्षरे अठारह लाख रूपये तय कर केता से उपरोक्त 1/6 हिस्सा बेचने का संविदा किया। प्रतिपादिया संख्या 1 मोहनी देवी का देहान्त दौराने दावा हुआ। प्रतिवादिया संख्या 1 वारिस विक्रेतागण व उसका पति मुरलीधर हुआ। मुरलीधर का देहान्त हो चुका है। मुरलीधर के वारिस विक्रेतागण है। उपरोक्त भूमि के 1/6 हिस्से की जमीन का विषय पत्र उपरोक्त न्यायालय के आदेश के तहत वह विकरा पत्र पंजीयन कराया जा रहा है। उपरोक्त जमीन ख. नं. 1889 तादादी 0.0100 हैक्टर गै. मु. कुआ व ख. नं. 1890 तादादी 2.21 हैक्टर कुल किता 2 कुल रकबा 2.22 हैक्टर सरहद कस्बा झुन्झुनू में से विक्रेतागण के 1/6 हिस्से जमीन के हक खातेदारी का बेचान धर्मवीर पुत्र बजरंगलाल निवासी अरडावता तहसील चिड़ावा जिला झुन्झुनू को कर दिया है व इसकी बाबत विकय रकम 18,00,000/- रूपये तय की गई थी जिसमें साई पेटे 5,00,000/- रूपये संविदा दिनांक 10/11/2010 के वक्त प्राप्त कर लिये गये थे। शेष राशि 13,00,000/- रूपये विक्रेतागण को विक्रय पत्र पंजियन के वक्त अदा किये जा रहे है। उक्त विकित भूमि बाबत कोई भी राशि लेनी देनी बाकी नहीं है व इसका कब्जा मौके पर क्रेता धर्मवीर को दे दिया है।

6. यह कि अब आज से 1. विनोद पुत्र मुरलीधर स्वामी 2. मनोज पुत्र मुरलीधर स्वामी 3. प्रेम पत्नी मुरलीधर स्वामी 4. श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी बजरंगलाल 5. श्रीमती सरोज पत्नी रामबाबू का इस बेची गई जमीन से कोई संबंध किसी भी प्रकार का नही रहा है इस पर समस्त हक अधिकार खातेदारी काश्तकारी केता धर्मवीर को प्राप्त हो गये है।

7. यह कि अब केता धर्मवीर इस 1/6 हिस्से की आराजी को अपने उपयोग में लेवें, अपने नाम से सम्पति में निर्माण करवाये, बिजली, पानी, टेलीफोन, कनेक्शन लेवें, नगर परिषद झुन्झुनू में अपने नाम से दर्ज करवाये, अपने मनचाहे अनुसार उक्त भूमि का उपयोग उपभोग करें, किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय संस्था, बैंक आदि के यहां मौरगेज करें, ऋण लेवें, किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय करे वा अपनी सुविधानुसार किसी भी प्रकार से उपयोग उपभोग में लेवे, इसमें विक्रेता व उसके वारिसान को भविष्य तक उज्ज करने का हक नहीं होगा। आज के पश्चात् विकय की गई सम्पति वर्णित विक्रय पत्र पर कोई दायित्व आयद करने का कोई प्रवास करेगा या पीछे का कोई दायित्व बकाया होगा तो उसके लिए विक्रेता व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होगा।

8. यह कि विक्रेता की कमी के कारण विक्रय पत्र में वर्णित क्रेता के अधिकार व कब्जे से निकल जाये तो केता विकेतागण से कुल विकय मुल्य 2/- रूपये प्रति सैकड़ा प्रतिमाह के हिसाब से विक्रय पत्र की दिनांक से वसुल करने का अधिकारी होगा।

9. यह कि माननीय न्यायालय के निर्णय की प्रति संलग्न है व स्टाम्प ड्युटी नियमानुसार पेश की जा रही है।

अतः यह विक्रय पत्र स्वस्थचित व स्वस्थ इन्द्रियों के बिना किसी दबाव, बहकाय व सिखाव के पूर्ण होश हवास में तहरीर व तकमील करा दिया